प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 30.08.2025 समय : 09:00 ए.एम.

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा –राज्य सरकार उद्योगों को प्रोत्साहन देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।
- भारतीय सेना की सैन्य और नागरिक पहल **कन्वर्ज कैप्सूल–टू** सम्पन्न–जोधपुर और जैसलमेर में हुए इस कार्यक्रम में सम्पूर्ण राष्ट्र दृष्टिकोण की भावना को उजागर किया गया।
- केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा–खेलो इंडिया अभियान से अंतर्राष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में भारत का प्रदर्शन बेहतर हुआ है।
- प्रदेश में अब तक सामान्य से 53 प्रतिशत अधिक बरसात दर्ज हुई है–आज लगभग सभी जिलों में बारिश का येलो अलर्ट।

00000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार उद्योगों को प्रोत्साहन देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कल रत्न–आभूषण, वस्त्र, चमड़ा और हस्तशिल्प उद्योग से जुड़े उद्यमियों और व्यापारियों के साथ बैठक के दौरान ये बात कही। उन्होंने कहा कि हाल ही में अमेरिका की तरफ से भारतीय निर्यात पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ से प्रदेश का व्यापार और उद्योग भी प्रभावित हुआ है। श्री शर्मा ने इस परिस्थिति से निपटने के लिए उद्यमी और व्यापारियों को अपने उत्पादों के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वैकल्पिक बाजार तलाशने का प्रयास करने का आह्वान किया। साथ ही, देश के अन्य राज्यों के घरेलू बाजारों में भी नए ग्राहकों को जोडने को कहा। श्री शर्मा ने उद्यमियों को सरकार की ओर से हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया।

0000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से भारत में ब्राजील के राजदूत केनेथ फेलिक्स दा नोब्रेगा ने शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री कार्यालय में हुई इस मुलाकात के दौरान राजदूत केनेथ ने मुख्यमंत्री से औद्योगिक निवेश और विकास के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

00.00

भारतीय सेना की सैन्य और नागरिक पहल **कन्वर्ज कैप्सूल–टू** सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। इसका आयोजन 25 से 29 अगस्त तक जोधपुर और जैसलमेर के सामरिक स्थानों पर किया गया। इसका उद्देश्य सशस्त्र बलों और नागरिक पक्षकारों के बीच मज़बूत संबंध बनाने के लिए विभिन्न हितधारकों को एक–साथ लाना था। प्रादेशिक सेना निदेशालय के साथ मिलकर दक्षिणी कमान मुख्यालय ने इसका आयोजन किया। **कन्वर्ज कैप्सूल–2** में 'संपूर्ण राष्ट्र दृष्टिकोण' की भावना को उजागर किया गया। कार्यक्रम में नागरिक प्रशासनिक सेवाओं, प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों और अग्रणी उद्योग भागीदारों के प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी देखी गई।

0000

प्रदेश में ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ उन तक पहुंचाने के लिए अब सभी विभाग मिलकर काम करेंगे। इसके लिए कल राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद्–राजीविका की ओर से एक उच्चस्तरीय बैठक रखी गई। बैठक में राजीविका की मिशन निदेशक, नेहा गिरी ने सभी विभागों को मिलकर काम करने के निर्देश दिए। इस दौरान स्वयं सहायता समूहों की संरचना और उद्देश्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। सभी विभागों ने अपनी महिला–केंद्रित योजनाओं को राजीविका के एसएचजी नेटवर्क के माध्यम से प्राथमिकता के आधार पर जोड़ने पर सहमति जताई।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा ने दोनों देशों के बीच रणनीतिक, आर्थिक और प्रौद्योगिकी सहयोग बढ़ाने की एक दशक की व्यापक कार्य योजना तय की है। दोनों नेताओं ने कल टोक्यो में शिखर वार्ता के बाद यह घोषणा की। शिखर वार्ता के बाद संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अगले दशक की कार्य योजना में निवेश, नवाचार, पर्यावरण, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य, लोगों के बीच संपर्क और अत्यधुनिक भागीदारी के क्षेत्रों पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाएगा। दोनों देश लघु और मध्यम उद्यमों तथा स्टार्टअप उद्यमों पर भी विशेष ध्यान देंगे। उन्होंने जापान की कंपनियों से मेक–इन इंडिया, मेक–फॉर द् वर्ल्ड यानी भारत में विश्व के लिए विनिर्माण का आग्रह किया।

0000

शंघाई सहयोग संगठन राष्ट्राध्यक्ष परिषद की 25वीं बैठक कल चीन के तिआनजिन में शुरू होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो दिन के शिखर सम्मेलन में वैश्विक नेताओं के साथ उच्च स्तरीय विचार विमर्श में शामिल होंगे। यह सम्मेलन वैश्विक प्रशासन में नए मानकों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और सदस्य राष्ट्रों में क्षेत्रीय सुरक्षा, संपर्क, सतत विकास और एकजुटता बढाने पर केंद्रित होगा।

0000

केन्द्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में भारत का प्रदर्शन बेहतर हुआ है। वे कल जोधपुर में सांसद खेल महोत्सव के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि खेल महोत्सव एक आयोजन नहीं बल्कि जन आंदोलन है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की फिट इंडिया और खेलों इंडिया की भावना को आगे बढाने में ये महोत्सव सहायक सिद्ध होगा।

.....

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी भी मौजूद रही। उधर अलवर में केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने सांसद खेल उत्सव 2.0 की शुरूआत की। उन्होंने अलवर में खेलो के आधारभूत विकास के लिए दस करोड़ रूपये की राशि देने की घोषणा की। इसी तरह सांसद मंजू शर्मा ने जयपुर में खेल महोत्सव का उद्घाटन किया।

0000

भारत ने 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए आधिकारिक प्रस्ताव पेश कर दिया है। इससे पहले भारत ने 2010 के राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन किया था। भारतीय राष्ट्रमंडल खेल संघ और गुजरात सरकार के प्रतिनिधित्व में कल लंदन में राष्ट्रमंडल खेल महासंघ के अध्यक्ष डॉ. डॉनल्ड रुकारे को औपचारिक बोली प्रस्तुत की गयी। अहमदाबाद को इन खेलों के शताब्दी आयोजन के लिए मेजबान शहर के रूप में प्रस्तावित किया गया है।

0000

प्रदेश में अब तक सामान्य से 53 प्रतिशत अधिक बरसात दर्ज हुई है। इस साल 1 जून से 29 अगस्त तक लगभग 543 मिलीमीटर बरसात रेकार्ड की गई। 19 जिलों में 60 प्रतिशत से अधिक बरसात हुई है। वहीं 17 जिलों में अत्यधिक बरसात दर्ज की गई है। वहीं पानी की अच्छी आवक से राज्य के बांधों की भराव क्षमता 83 दशमलव से ऊपर पंहुच गई है। इस बीच प्रदेश में बरसात का सिलसिला लगातार जारी है। मौसम विभाग ने आज बीकानेर, श्रीगंगानगर और जैसलमेर को छोडकर सभी जिलों के लिए बरसात का येलो अलर्ट जारी किया है। इन स्थानों पर कहीं–कहीं हल्की से मध्यम बरसात हो सकती है। विभाग के अनुसार मॉनसून का दौर अगले दो सप्ताह तक सक्रिय रहने के आसार है। 10 सितम्बर तक औसत से ज्यादा बरसात हो सकती है।

0000

जैसलमेर के रामदेवरा में चल रहा बाबा रामदेव मेला परवान पर है। मेले में बडी संख्या में श्रद्धालु पंहुच रहे है। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए है। वहीं राणी भटियाणी के जन्मोत्सव पर आज बालोतरा के जसोल धाम में मेला भर रहा है। मेले में हजारो श्रद्धालु पैदल जत्थों में जसोल धाम पंहुच रहे है।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। रविवार सुबह 11 बजे प्रसारित होने वाले मासिक रेडियो कार्यक्रम की ये 125वीं कड़ी होगी। ये कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित होगा। साथ ही आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट, न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप, आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी ये कार्यक्रम उपलब्ध रहेगा। इसकी लाइव स्ट्रीमिंग ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्ज़ पर भी मिलेगी।

000

मुख्यमंत्री ने कल 'राज प्लास्ट 2025' मेगा एग्जीबिशन के पोस्टर का विमोचन किया। यह प्रदर्शनी 19 सितंबर से 21 सितंबर तक जेईसीसी सीतापुरा में आयोजित की जाएगी। उन्होंने दधीचि जयंती समारोह पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम के पोस्टर का भी विमोचन किया।

0000

अजमेर के केकडी के सरकारी अस्पताल में वन स्टॉप सेंटर सखी केन्द्र की कल से शुरूआत हुई। इस केन्द्र का उद्देश्य हिंसा से पीड़ित और बेसहारा महिलाओं को चिकित्सकीय और मनोवैज्ञानिक राहत पंहुचाना है।

0000